भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- †3989**

उत्तर देने की तारीख- 19/12/2024

**प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना**

†3989 श्री बसवराज बोम्मई:

श्रीमती हिमाद्री सिंह:

श्री भरतसिंहजी शंकरजी डाभी:

श्रीमती बिजुली कलिता मेधी:

श्री अमरसिंग टिस्सो:

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना की प्रमुख विशेषताएं और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) इस पहल के अंतर्गत राज्य-वार, विशेषकर कर्नाटक राज्य के लिए अब तक कितने गांवों की पहचान की गई है; और

(ग) इस योजना के अंतर्गत लक्षित विशिष्ट अवसंरचना सुधारों का ब्यौरा क्या हैं?

**उत्तर**

जनजातीय कार्य राज्य मंत्री

(श्री दुर्गादास उइके)

**(क) से (ग):** राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में 50% जनजातीय आबादी और 500 अनुसूचित जनजातियों वाले 36,428 पात्र गांवों के एकीकृत विकास के लिए सरकार द्वारा 'प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई)' शुरू की गई थी। जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा इस योजना के तहत प्रति गांव 20.38 लाख रुपये (36,428 गांवों के लिए 7276 करोड़ रुपये) की राशि निर्धारित की गई थी और राज्यों को क्षेत्रीय केंद्रीय सरकार के मंत्रालयों और राज्य सरकार के पास उपलब्ध केंद्रीय एसटीसी (अनुसूचित जनजाति घटक) और राज्य टीएसपी (जनजातीय उप योजना) निधियों के अभिसरण के साथ ग्राम विकास योजना बनाना अपेक्षित था। ग्रामीण विकास योजना (वीडीपी) का उद्देश्य प्रत्येक चयनित गांव में अंत्योदय मिशन के माध्यम से चिन्हित बुनियादी सुविधाओं जैसे सड़क संपर्क, दूरसंचार संपर्क (मोबाइल / इंटरनेट), स्कूल, आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उप-केंद्र, पेयजल और बिजली जैसे अंतरों को दूर करना है। आज तक 17,656 वीडीपी को अनुमोदन दिया गया है (कर्नाटक में 370 सहित) और आज तक कुल 2357.50 करोड़ रुपये (कर्नाटक में 30.77 करोड़ रुपये सहित) की धनराशि की निधियां निर्मुक्त की गई हैं। योजना के अंतर्गत पहचाने गए गांवों की संख्या का कर्नाटक राज्य सहित राज्य-वार जारी की गई निधि का ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

पीएम जनमन की सफलता से प्राप्त जानकारी के आधार पर, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) शुरू किया गया है, जो कि पीएमएएजीवाई का अधिक संरचित संस्करण है, जिसमें संबंधित मंत्रालयों और राज्य विभागों से निधियों और प्रमुख उपायों के लिए संतृप्ति का समर्पित अभिसरण है। पीएमएएजीवाई में आने वाली कठिनाइयों और चुनौतियों को दूर करने का प्रयास किया गया है। इस मिशन के शुरू होने के साथ, पीएमएएजीवाई के तहत अंतरों को दूर करने के लिए जो उपाय नहीं किए जा सके, उन्हें डीए-जेजीयूए के तहत पूरा किया जाना संभव हो गया है।

अनुलग्नक-I

**श्री बसवराज बोम्मई, श्रीमती हिमाद्री सिंह, श्री भरतसिंहजी शंकरजी डाभी, श्रीमती बिजुली कलिता मेधी और श्री अमरसिंग टिस्सो द्वारा उठाए गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न †3989 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।**

| क्र.सं. | राज्य का नाम | पीएमएजीवाई के अंतर्गत कुल गांव | पीएमएजीवाई के तहत स्वीकृत कुल वीडीपी | पीएसी स्वीकृत राशि | आज तक कुल निर्मुक्ति (2021-22 से 2024-25) | लंबित निर्मुक्ति | (यूसी) प्रतीक्षित | एसएनए शेष लाख में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क | ख | ग | घ | झ | ञ | ट | ठ |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 517 | 0 | 0 | 0 | 0 | 11947.05 | 11035 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 141 | 0 | 0 | 733.68 | 0 | 733.68 | 1080 |
| 3 | असम | 1700 | 1700 | 34646 | 31054.81 | 3591.19 | 0 | 2.3584 |
| 4 | बिहार | 184 | 0 | 0 | 774.44 | 0 | 3880.44 | 700.69 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 4029 | 1530 | 31181.4 | 38617.62 | 0 | 38617.62 | 19629.49 |
| 6 | दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 55 | 0 | 0 | 173.23 | 0 | 173.23 | 0 |
| 7 | गोवा | 21 | 0 | 0 | 0 | 0 | 51.99 | 62.23 |
| 8 | गुजरात | 3764 | 2803 | 57125.14 | 35318.54 | 21806.6 | 28487.79 | 25828.42 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 90 | 75 | 1528.5 | 665.12 | 863.38 | 297.57 | 279.66 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 302 | 300 | 5950.5 | 932.39 | 5018.11 | 932.39 | 2165.93 |
| 11 | लद्दाख | 132 | 50 | 1019 | 470.525 | 548.475 | 470.53 | 308.61 |
| 12 | झारखंड | 3891 | 641 | 8145.52 | 13447.07 | 0 | 18327.73 | 32202.34 |
| 13 | कर्नाटक | 507 | 370 | 7443.7 | 3077.38 | 4366.32 | 2253.83 | 1821.71 |
| 14 | केरल | 6 | 6 | 122.28 | 61.19 | 61.09 | 0 | 0 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 7307 | 4203 | 80674.67 | 39963.3 | 40711.37 | 28283.07 | 22900.36 |
| 16 | महाराष्ट्र | 3605 | 1542 | 31425.96 | 13485.5 | 17940.46 | 23551.3 | 13494.41 |
| 17 | मणिपुर | 254 | 44 | 896.72 | 723.45 | 173.27 | 809.81 | 106.05 |
| 18 | मेघालय | 836 | 176 | 3586.88 | 3342.3 | 244.58 | 4664.83 | 2947.75 |
| 19 | मिजोरम | 344 | 344 | 6847.47 | 3511.44375 | 3336.02625 | 0 | 245.87 |
| 20 | नागालैंड | 530 | 530 | 10801.4 | 6947.94 | 3853.46 | 13.01 | 11.71 |
| 21 | ओडिशा | 1653 | 784 | 15950.6 | 6817.3425 | 9133.2575 | 4739 | 2666.38 |
| 22 | राजस्थान | 4302 | 1566 | 30471.94 | 22494.37 | 7977.57 | 19569.84 | 16875.69 |
| 23 | सिक्किम | 62 | 62 | 917.73 | 0 | 917.73 | 82.56 | 210.68 |
| 24 | तमिलनाडु | 167 | 158 | 3220.04 | 1426.745 | 1793.295 | 307.57 | 148.82 |
| 25 | तेलंगाना | 533 | 428 | 8722.64 | 3943.215 | 4779.425 | 343.06 | 209.88 |
| 26 | त्रिपुरा | 375 | 344 | 7010.72 | 4273.49 | 2737.23 | 2421.1 | 2908.77 |
| 27 | उत्तराखंड | 64 | 0 | 0 | 0 | 0 | 10.35 | 10.50 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 183 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1288.74 | 970.89 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 874 | 0 | 0 | 3495.2 | 0 | 3495.2 | 3521.01 |
| | कुल | **36428** | **17656** | **347688.8** | **235750.2913** | **129852.84** | **195753.3** | **162346.3** |

*****